1 के उपरोक्त वर्णित आराजी में हिस्सा 1/5, 1/5 को राजस्व रिकार्ड नकल जमाबन्दी में दर्ज कर कृषक खातेदार घोषित किया जावें। वादी क्रम 2 चन्द्रेश बाई वादी क्रम 3 भगवती नागर ने अपने सम्पूर्ण हिस्से का हकत्याग वादी क्रम 1 बालकिशन के पक्ष में व वादी क्रम 4 मधु कुमारी ने अपने सम्पूर्ण हिस्से का हकत्याग प्रतिवादी क्रम 1 गिर्राज के पक्ष में बिना प्रतिफल लिए हकत्याग कर दिया है। मुताबिक राजीनामा के खाता सं0 27 की कुल किता 10 की 6.00 है0 आराजी में वादी क्रम1 बालकिशन का हिस्सा 3/5 व प्रतिवादी क्रम 1 का हिस्सा 2/5 को राजस्व रिकार्ड नकल जमाबन्दी में दर्ज कर खातेदार कृषक घोषित किया जावें।

राजीनामा पढकर सुनाया गया सही होना स्वीकार किया वादीगण की पहचान श्री महावीर नागर एड0 द्वारा तथा प्रतिवादी क्रम 1 की पहचान श्री मोहनलाल नागर एडवोकेट द्वारा की गई, राजीनामा बाद तस्दीक शा0 फा0 किया गया।

पत्रावली का अवलोकन किया गया, विवादित आराजी ग्राम मनोहरपुर की खाता संख्या 27 कुल किता 10 रकबा 6.00 है0 आराजी प्रतिवादी क्रम 1 के खाते में दर्ज है। जो पैत्रिक सम्पत्ति है। वारिस प्रमाण पत्र के अनुसार वादीगण प्रतिवादी क्रम 1 के पुत्र पुत्री है। उक्त विवादित आराजी में वादीगण का हक निहित है। अतः न्यायहित में आपसी सहमति से वादीगण का वाद स्वीकार योग्य है।

**—:क्रियात्मक आदेशः—**

उपरोक्त विवेचन के आधार पर वादीगण का वाद आपसी सहमति से स्वीकार किया जाता है। विवादित आराजी ग्राम मनोहरपुर की खाता संख्या 27 किता 10 रकबा 6.00 है0, में वादी क्रम 1 ल 4 व प्रतिवादी क्रम 1 को राजीनामें अनुसार 1/5—1/5 हिस्से का खातेदार कृषक घोषित किया जाता है। वादी क्रम 2 चन्द्रेश बाई व वादी क्रम 3 भगवती नागर ने अपना हिस्सा 1/5, 1/5 वादी क्रम 1 बालकिशन के पक्ष में व वादी क्रम 4 मधु कुमार ने अपना सम्पूर्ण हिस्से का हक त्याग प्रतिवादी क्रम 1 के हक में हक त्याग करने से वादी क्रम 1 बालकिशन का हिस्सा 3/5 व प्रतिवादी क्रम 1 का 2/5 हिस्से का खातेदार कृषक हक त्याग स्टाम्प शुल्क जमा कराने की शर्त पर घोषित किया जाता है। तहसीलदार अटरू उक्तानुसार पालना करावें तथा रहन का नोट प्रतिवादी क्रम 1 के हिस्से में दर्ज किया जावें। डिक्री पर्चा जारी हो।

निर्णय आज दिनांक 22.04.2019 को मेरे द्वारा लिखवाया जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया।

**(कृष्ण गोपाल जोजन)**
**उपखण्ड अधिकारी**
**अटरू जिला बारां**

